SONA DEVI
UNIVERSITY
Estd. under Govt. of Jharkhand Act-05,2023
and section 2 (f) of UGC Act, 1956
Ghatsila, Jamshedpur

www.sonadeviuniversity.com
enquiry@sonadeviuniversity.com

SONA DEVI UNIVERSITY GHATSILA JHARKHAND

सन्दर्भ सं: एस. डी. यू /आर /ई - कल्याण /DWO /843/2025 दिनांक- 03/07/2025

प्रेषक - सेवा में

श्रीमान जिला कल्याण पदाधिकारी, महोदय
साकची, जमशेदपुर|
पूर्वी सिंहभूम – 831001

**विषय - ई - कल्याण पोर्टल में पंजीकृत सोना देवी विश्वविद्यालय घाटशिला, पूर्वी सिंहभूम (झारखण्ड ) में अध्ययनरत छात्र - छात्राओं की सूची फॉर्मेट संख्या -1 में भरकर आपके कार्यालय को उपलब्ध कराने के सम्बन्ध में।**

मान्यवर महोदय ,

आपके द्वारा दिनांक 10/06/2025 को प्रेषित पत्रांक सं. 1129 के सन्दर्भ में वांछित ई - कल्याण पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति से जुड़े शैक्षणिक सत्र 2024 – 2025 तथा ई - कल्याण पोर्टल में पंजीकृत एवं सोना देवी विश्वविद्यालय, घाटशिला, पूर्वी सिंहभूम में अध्ययनरत छात्र -छात्राओं की सूचि फॉर्मेट संख्या -1 में भरकर जिसे सोना देवी विश्वविद्यालय , घाटशिला, पूर्वी सिंहभूम के नोडल ऑफिसर (INO ) द्वारा स्वीकृति किया गया है| यह जानकारी आपके संज्ञान एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु इस पत्र के साथ संलग्न कर भेजी जा रही है। महोदय, पत्रोत्तर के विलम्ब के सम्बन्ध में हमारा आपसे सविनय निवेदन यह है कि गर्मियों में हमारे विश्वविद्यालय की छुट्टियाँ चल रही थी इसलिए आपको जानकारी उपलब्ध कराने में विलम्ब हुआ , इसके लिए हम क्षमाप्रार्थी हैं। महोदय, आगे से हम यह सुनिश्चित करेंगे कि आपके द्वारा वांछित जानकारी समय पर आपको प्राप्त हो सके|

धन्यवाद ,

आभार सहित ,

भवदीय
कुलसचिव
गुलाब सिंह आजाद
प्रो (डॉ.) गुलाब सिंह "आजाद"
सोना देवी विश्वविद्यालय
घाटशिला , पूर्वी सिंहभूम
झारखण्ड – 832303

03/07/2025
Registrar
Sona Devi University
Ghatsila, East Singhbhum
Jharkhand-832303

अनुसंग्लग्रक - उपरोक्त वर्णित भरा हुआ फॉरमेट -1



Scanned with AltaScanner